**2024**

# HINDI

## ( Honours Elective )

Paper : HIN–HE–6036

**( हिन्दी का वैश्विक परिदृश्य एवं प्रवासी हिन्दी साहित्य )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन भारतवर्ष के किस शहर में आयोजित हुआ था?

(ख) पाश्चात्य हिन्दी-सेवी फादर कामिल बुल्के मूलतः किस देश के नागरिक थे?

(ग) 'विश्व हिन्दी पत्रिका' किस संस्थान से निकलती है?

(घ) प्रमुख प्रवासी हिन्दी साहित्यकार अभिमन्यु अनत का जन्म किस ईस्वी को हुआ था?

(ङ) 'लाल पसीना' उपन्यास कितने परिच्छेदों में विभाजित है?

(च) "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय! जाओ, बढ़ते जाओ!" यह पठित उपन्यास के किस पात्र का कथन है?

(छ) 'लाल पसीना' उपन्यास में उल्लिखित 'मारीच देसवा' का आशय क्या है?

(ज) किसन के पिता का नाम क्या है?

(झ) "लोग-भाषा-जगहें-परिस्थितियाँ सब कुछ पहचाना हुआ-सा, फिर भी सब कुछ अनजाना-सा!" यह किस कहानी की पंक्ति है?

(ञ) जया ने अपने बच्चे का नाम क्या रखा था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) किस पाश्चात्य विद्वान् ने 'द मॉडर्न वर्नाक्युलर लिट्रेचर ऑफ नॉर्दर्न हिन्दुस्तान' नामक ग्रंथ की रचना की है? वे मूलतः किस देश के निवासी थे?

(ख) 'लाल पसीना' से भिन्न अभिमन्यु अनत द्वारा विरचित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम बताइए।

(ग) कैदी बन्दीगृह के सिपाहियों में से द्वार पर खड़े-खड़े ऊँघने वाले सिपाही को और लम्बी मूँछों वाले सिपाही को क्रमशः किस-किस नाम से पुकारा करते थे?

(घ) "अगर तुम हमारे बच्चे से मिलोगी तो हमलोगों के बीच कंप्लीकेशन्स बढ़ेंगी।" किसने किससे ऐसा कहा था?

(ङ) मार्क मक्लीन और उनकी पत्नी क्या-क्या काम करते थे?





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'भूमण्डलीकरण के युग में हिन्दी' विषय पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) विश्व में हिन्दी की लोकप्रियता के प्रमुख कारण बताइए।

(ग) "दीवारें दीखने पर उन्हें फाँदा जा सकता है। बेड़ियाँ होने पर उन्हें तोड़ा जा सकता है, पर जहाँ ये चीजें बाहर न होकर आदमी के भीतर हों वहाँ उन्हें कैसे फाँदा और तोड़ा जा सकता है?" प्रस्तुत अवतरण के संदर्भ एवं आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) मंगरू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ङ) नीमा की चारित्रिक विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

(च) 'कोख का किराया' शीर्षक कहानी के सन्देश को स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"भीतर और बाहर की पीड़ा को कम करने के लिए इससे अच्छा उपाय उनके लिए दूसरा था ही नहीं। वह उल्लास उनके अपने ढंग का रो-तड़पकर अपनी कुंठा को मिटाना था, उसे भूल जाना था।"

**अथवा**

"उसे उसकी अपनी निरीहता, बेबसी और ठंडेपन ने मारा था। सैकड़ों लोग दो के सामने विकलांग थे। हत्यारा अगर कोई था तो जुल्म ढानेवाला नहीं, बल्कि उसके अपने ही लोगों की असमर्थता!"

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) विश्व फलक पर हिन्दी की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन के जरिए हिन्दी के वैश्वीकरण में कहाँ तक मदद मिली है—सटीक चर्चा कीजिए।

(ख) कुंदन की चारित्रिक विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

**अथवा**

नामकरण की सार्थकता की दृष्टि से 'लाल पसीना' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'साँकल' शीर्षक कहानी के प्रतिपाद्य-विषय पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'कौन-सी ज़मीन अपनी' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उसकी कलापक्षीय विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

★★★